तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 24 अक्टूबर 2025



11 दीपावली पर भारत माता सेवा ट्रस्ट ने वृद्धाश्रम...





12 बाजे-गाजे के साथ हुआ गौरा-गौरी का विसर्जन






## खबर संक्षेप

### कौड़िया में सुवा प्रतियोगिता आज

**घोटिया।** ग्राम कौड़िया में आज सुवा प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा डॉ. सनम जागड़े की उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी यशवर्धन (मोनू) वर्मा करेंगे। इस अवसर पर जनपद पंचायत पलारी की अध्यक्ष सविता भीम यादव, भाजपा मंडल पलारी के अध्यक्ष पवन वर्मा, जनपद सदस्य उमेश यदु और मंजू हिरादास रात्रे, ग्राम पंचायत कोड़िया के सरपंच प्रदीप वर्मा, उपसरपंच विष्णु साहू, ग्राम पंचायत जंगलोर की सरपंच हरेलिया खिलेन्द्र पात्रे, ग्राम पंचायत घोटिया की सरपंच ओमेश्वरी गजेन्द्र घृतलहरे, पूर्व सरपंच हरिशंकर वर्मा, सरस्वती अलख घृतलहरे और पूर्व उपसरपंच संतोष वर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### भाई दूज पर डांस प्रतियोगिता का 24 को

**भाटापारा।** ग्राम मोपका में प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी भाई दूज 24 अक्टूबर को डांस प्रति योगिता का कार्यक्रम रखा गया है सिद्ध बाबा मंदिर महामाया चौक में कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें उपसरपंच संजय वर्मा बुदेश्वर वर्मा पवन वर्मा सुनीत वर्मा कामेश्वर वर्मा टीका राम वर्मा चौकी लाल सतीश साहू गिरजा शंकर वर्मा नोहर साहू अशोक वर्मा चोखे लाल देशमुख आदि लोग उपस्थित रहेंगे।

### कौड़िया में सुआ प्रतियोगिता आज

**पलारी।** समीपवर्ती ग्राम कौड़िया में समस्त युवा परिवार और ग्रामवासी के सहयोग से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 अक्टूबर को सुआ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है।जिसमें प्रथम 21000, द्वितीय 15000, तृतीय 11000, चतुर्थ 7500, पंचम 5000, षष्ठम 3000, सप्तम 2500 एवं अष्टम 2000 रुपये पुरस्कार विजेताओं को दिये जायेंगे इसके अलावा प्रत्येक प्रतिभागी टीम को 1500 सांत्वना राशि प्रदान किया जाएगा।

### अखंड नवधा रामायण स्पर्धा शुरू होगी 26 से

**सेल।** ग्राम पंचायत मोतीपुर में 26 अक्टूबर से अखंड नवधा रामायण स्पर्धा का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आचार्य मिथिलेश प्रसाद तिवारी कसडोल द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 सहित कुल नौ पुरस्कार रखे गए हैं। रामायण गुटका का वितरण विभिन्न जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। 4 को मानस गायन प्रतियोगिता तथा 5 नवंबर को हवन, पूजन व सहस्त्रधारा के साथ समापन होगा। आयोजन में अखंड नवधा रामायण समिति दयाराम वर्मा सहित समस्त ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर धारदार हथियार से हमला व मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खैरा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर कुछ लोगों ने मारपीट कर धारदार हथियार से प्राणघातक हमला किए जाने का मामला सामने आया है। सिटी कोतवाली महासमुंद में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही है। पुलिस को प्रार्थी वेद प्रकाश चंद्राकर ने बताया कि उसकी बुआ के लड़के टिकेश्वर चंद्राकर ने नशे की हालत में गाली गलौज कर रहे फागूलाल विश्वकर्मा, होरी विश्वकर्मा और लोकेश्वर विश्वकर्मा को मना किया। जिस पर सभी ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से प्राणघातक हमला कर मारपीट करते हुए टिकेश्वर के पेट एवं सिर में लगातार चोट पहुंचाई। आरोपियों ने बीच बचाव करने आए प्रार्थी, केशव चंद्राकर के साथ भी मारपीट की। जिसमें केशव चंद्राकर को चोटें आई। आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# शिवरीनारायण में लगा छप्पन भोग, कीर्तन से गूंजा मंदिर परिसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण स्थित ऐतिहासिक मठ मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गोवर्धन पूजा उत्सव बड़ी श्रद्धा और भक्ति भावना के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, सभी ने मिलकर भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन पर्वत की आराधना की।

मठ मंदिर के मुख्तियार सुखराम दास महाराज ने बताया कि शिवरीनारायण मठ मंदिर में गोवर्धन पूजा विशेष रूप से मनाई जाती है। परंपरानुसार गोवर्धन भगवान की प्रतिमा स्वरूप पहाड़ बनाकर पूजा-अर्चना की जाती है, और भगवान को छप्पन प्रकार के प्रसाद का भोग लगाया गया। महाराज ने आगे बताया कि यह आदिकाल से चली आ रही परंपरा है, जिसे वैष्णव संप्रदाय की रीति के अनुसार आज भी पूर्ण श्रद्धा के साथ निभाया जा रहा है।

उन्होंने कहा — हम सभी गुरुदेव राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महाराज के आदेशानुसार इस पवित्र परंपरा को निरंतर बनाए रखे हैं और आने वाली पीढ़ियों तक इसे कायम रखेंगे।पूजा के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति संगीत, कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा, जिससे पूरा परिसर दिव्य और आध्यात्मिक माहौल से भर गया।

**शिवरीनारायण मठ मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से मना गोवर्धन पूजा उत्सव**





### कार्रवाई : चाकू से किए गए घातक वार, 2 अन्य युवक भी गंभीर घायल

# हत्या का खुलासा: 7 आरोपी गिरफ्तार

# पुरानी रंजिश बनी अपराध की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



खटियापाटी में 17 अक्टूबर को पुरानी रंजिश को लेकर हुई निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने मृतक हरीश शायर उर्फ भका पर चाकू से प्राणघातक वार किए थे। इस हमले में दो अन्य युवक भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस ने घटनास्थल से मिले सबूतों और गवाहों के बयानों के आधार पर आरोपियों को हिरासत में लिया है और जांच प्रक्रिया जारी है।

मर्ग क्रमांक 117/2025 की जांच, तस्दीक एवं इस दौरान मृतक के परिजनों एवं अन्य गवाहों से विस्तृत पूछताछ पर पाया गया कि घटना दिनांक 17.10.2025 के शाम 19:45 से 20:30 बजे के मध्य ग्राम खटियापाटी में पंचायत भवन के सामने चौक में आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश पर से मृतक हरीश शायर उर्फ भका को हाथ-मुक्का आदि से मारपीट किया गया एवं जान से मारने की नीयत से मृतक के पेट में चाकू से गंभीर वार किया गया जिससे मृतक की मृत्यु हो गई। घटना के दौरान आरोपियों द्वारा 02 अन्य युवक दीप कुर्रे एवं साहिल शायर के साथ भी मारपीट कर चाकू से प्राण घातक वार करते हुए उन्हें भी गंभीर चोंट पहुंचाया गया तथा घटना कारित करने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गए। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 1009/2025 धारा 103(1), 109(1), 3(5), 61(2) बीएनएस एवं 25,27 आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पुलिस कार्रवाई और गिरफ्तारी:** प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही में, घटनास्थल में मिले साक्ष्य, आसपास मौजूद गवाहों से विस्तृत पूछताछ तथा साइबर सेल की टीम के माध्यम से मिले टेक्निकल साक्ष्य के आधार पर पूर्व में एक अपचारी बालक सहित 02 आरोपियों को हिरासत में लिया गया था।

प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी फरार हो गए थे तथा पुलिस के डर से इधर-उधर लुक छिप रहे थे, जिनकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही थी। कि प्रकरण की विवेचना क्रम में हत्या की घटना में शामिल 05 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा पुरानी रंजिश पर से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चाकू से सुनियोजित तरीके से, प्राणघातक वार करते हुए, एक युवक की हत्या एवं दो अन्य युवकों को मारपीट कर गंभीर रूप से चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में सभी आरोपियों को आज दिनांक 23-10-2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के साथ प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस द्वारा अभी तक प्रकरण में एक अपचारी बालक सहित कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण विवेचना में है।

# अफवाह फैलाकर आंदोलन भड़काने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



सोशल मीडिया में झूठी खबरें फैलाकर लोगों को आंदोलन के लिए उकसाने वाले तीन युवकों को थाना पलारी प्रभारी हेमंत पटेल की अगुवाई में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा यह भ्रामक जानकारी प्रसारित की गई थी कि ग्राम लरिया में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ दिया गया है, जबकि जांच में यह बात पूर्णतः असत्य साबित हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 22 अक्टूबर 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि लक्ष्मी नारायण डहरिया, गौतम कुर्रे और पालक भारद्वाज नामक तीन व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से डॉ. अंबेडकर जी की प्रतिमा तोड़े जाने की फर्जी पोस्ट शेयर कर लोगों को भड़काने का काम कर रहे हैं। ग्राम लरिया के सरपंच और ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि प्रतिमा की उंगली में स्थापना के समय ही हल्की दरार थी, जो धूप और बारिश के प्रभाव से बढ़ गई थी। इसके बावजूद आरोपियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर झूठी बातें फैलाकर भीड़ जुटाने और आंदोलन भड़काने का प्रयास किया।गिरफ्तार आरोपी - 01. लक्ष्मी नारायण डहरिया (24 वर्ष), निवासी ग्राम हरिनभट्ठा थाना सिमगा, 02. गौतम कुर्रे (20 वर्ष), निवासी ग्राम चरौदा थाना गिधपुरी, 03. पालक भारद्वाज (23 वर्ष), निवासी ग्राम गोड़ा थाना पलारी ।

■ झूठे दावे से माहौल हुआ तनावपूर्ण, पुलिस ने की सख्त कार्रवाई

#### आरोपियों ने स्वीकारा गुनाह

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 419/2025 धारा 299, 196(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी के पर्यवेक्षण में थाना पलारी पुलिस टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने भड़काऊ पोस्ट डालने और झूठी अफवाह फैलाने की बात स्वीकार की। तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। थाना प्रभारी हेमंत पटेल ने कहा कि पलारी पुलिस हर उस व्यक्ति पर कड़ी नजर रखे हुए है जो सोशल मीडिया के जरिये समाज में भ्रम फैलाने या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, अफवाह फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# लूट की वारदात का खुलासा, दो आरोपियों सहित एक अपचारी बालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

थाना कसडोल पुलिस ने ग्राम छांछी में लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक अपचारी बालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा गया वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और 5200 की नगदी रकम बरामद की है, साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

■ पुलिस ने बरामद किया लूटा हुआ मोबाइल और 5200 रुपये नकद, घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल भी जब्त



घटना 19 अक्टूबर की रात की है जब प्रार्थी अपने दोस्त के साथ नई मोटरसाइकिल से घूमते हुए बस स्टैंड छांछी के पास पहुंचा। इसी दौरान आरोपियों ने रास्ता रोककर गाली-गलौज की हाथ-मुक्के और डंडे से मारपीट करते हुए उसके पास से मोबाइल


▶▶ शेष पेज 11 पर


#### आरोपियों ने स्वीकारा अपराध


पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन 5200 नकदी और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त कर ली है। दोनों को आज 23 अक्टूबर 2025 को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। कसडोल पुलिस का संदेश अपराध कर बच निकलना असंभव है जिला पुलिस हर वारदात पर त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मारी दो बाइकों को टक्कर, 6 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला







गुरुवार की शाम लगभग 7:30 बजे संडी बंगला के पास सेंट्रल बैंक के सामने एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पर चल रही दो बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक तेज रफ्तार में नियंत्रण खो बैठा और सीधे सामने से आ रही बाइकों को रौंदते हुए निकल गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को सड़क किनारे सुरक्षित स्थान पर ले जाकर सहायता पहुंचाने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि घायलों में दो युवक और चार अन्य लोग शामिल हैं, जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने तुरंत 112 और 108 नंबर पर कॉल किया, लेकिन समय पर एंबुलेंस और पुलिस सहायता नहीं पहुंच पाई। इस बीच आसपास के लोगों ने निजी वाहनों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। देर रात तक घायलों का इलाज जारी था। लोगों में देखने को मिला आक्रोश इस हादसे के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश देखने को मिला। लोगों का कहना है कि संडी बंगला के इस मार्ग पर भारी वाहनों की रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है। सेंट्रल बैंक के सामने का यह इलाका घनी आबादी वाला होने के बावजूद यहां पर गति-सीमा संबंधी सख्त पालन नहीं होता। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, साथ ही रात्रि समय में ट्रक और भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के लिए जिम्मेदार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है। यह हादसा एक बार फिर से सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर आपात सेवाएं समय पर पहुंच जाती, तो कुछ घायलों की स्थिति गंभीर होने से बचाई जा सकती थी।

### भाई दूज पर बहनों ने की भाई की लंबी आयु और समृद्धि की कामना

# बहनों ने भाइयों को लगाया तिलक, उपहारों से बढ़ाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





अंचल में धनतेरस, दिपावली, गोवर्धन पूजा सहित भाई दूज का पर्व भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। भाई बहन-भाई के प्यार का प्रतीक भाई दूज बड़े उल्लास के साथ गुरुवार को मनाया गया। बहनों ने भाई को तिलक कर उनकी लंबी आयु और सुख-समृद्धि के लिए कामना की। कर भाइयों ने भी अपनी बहनों के लिए उपहार खरीदकर उन्हें दिए। दिवाली की रौनक भाई दूज के दिन भी खूब का दिखाई दी।

■ परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ पर्व की धूम, पंडित ने बताया यम-यमुना की कथा

बहनों में काफी उत्साह देखा गया भैया दूज पर्व को लेकर भाइयों एवं बहनों में काफी उत्साह देखा गया। बहनों ने सुबह उठकर पर्व की तैयारियां शुरू कर दीं। बहनों ने अपने भाइयों की आरती की, तिलक लगाई और रक्षा सूत्र पहनकर सुख समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की साथ ही बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा भी कराया। यम द्वितीया यमुना और भाई टिका के नाम से जाने जाने वाले इस पर्व में मान्यता के अनुसार सूर्यपुत्र यम अपनी बहन यमुना के घर मिलने आए थे । उनके स्वागत से प्रसन्न होकर रक्षा करने का वरदान दिया था । पालन किया जाए तो यमराज प्रसन्न होकर मनोकामना पूरी करते हैं।

#### धूमधाम से मनाया गया पर्व

भाई दूज के अवसर पर बहन उपवास रखकर अपने भाई के दीघार्यु के लिए कामना करते हुए भाई के माथे पर मंगल टीका लगाकर इस पवित्र पर्व को धूमधाम से मनाया। पंडित चेतन प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि बहन सुबह स्नान कर नये वस्त्र धारण कर सुबह से अपने भाईयों के लिए व्रत रखती है अक्षत, कुमकुम, रोली, आठदल वाला कमल का फूल लेकर भैया को चैकी में बिठाकर माथे में टीका लगाकर पूजा करती है भाई की लंबी उम्र और कल्याण के साथ व्रत संकल्प लेती है ।रोहित वर्मा ने बताया की भैया दूज के लिए सुबह से स्नान करके नये कपडे पहन कर भाई दूज की रस्म के साथ बहन को उपहार दिया गया।


स्टाफ की आवश्यकता है

मैनेजर - 2 पद

अकाउंटेंट - 2 पद

नर्सिंग स्टाफ - 5 पद

रिसेप्शनिस्ट - 3 पद

PRO - 5 पद

प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

डॉ. राबिया वसीम

डायरेक्टर व डेंटल सर्जन

आर्थोपेडिक्स एवं क्रिटिकल केयर

जनरल सर्जरी विभाग

स्त्री रोग विभाग

जनरल मेडिसिन विभाग एवं ICU

नोट: अनुभवी को प्राथमिकता एवं वेतन योग्यतानुसार संपूर्ण दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें

ओमकार

मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर

छुईहा, भाटापारा रोड, बलौदा बाज़ार, जिला: बलौदाबाज़ार-भाटापारा (छ.ग.)

मो.: 9669861908, 7869611406

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल को किया नमन



**रायपुर।** नगर निगम के संस्कृति विभाग की ओर से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह को नमन करने पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आमापारा के बुनकर सोसायटी भवन स्थित प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में निगम के संस्कृति विभाग अध्यक्ष अमर गिदवानी ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के देशप्रेम और उनके त्याग की भावना की सराहना करते हुए उन्हें पुष्पांजलि दी। उन्होंने इस मौके पर कहा कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर स्थापित महापुरूषों के प्रतिमा स्थल की सफाई पर ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम में विद्युत और अभियांत्रिकी विभाग अध्यक्ष सुमन-अशोक पाण्डेय, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर प्यारेलाल सिंह के परिजन, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### रोड स्वीपिंग मशीन लगाकर 52 मार्गो की सफाई



**रायपुर।** दीपावली पर्व पर शहर भर में भारी मात्रा में निकलने वाले कचरे को साफ करने महापौर श्रीमती मीनल चौबे,आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 7 रोड स्वीपिंग मशीन लगाकर 52 विभिन्न मार्गो की रात्रिकालीन सफाई करवाई गई। इस दौरान मुख्य मार्गो से पटाखों का कचरा सहित अन्य सामग्री और रैपर सफाई के दौरान साफ कराया गया। मेकेनाइज्ड स्वीपिंग मशीन का उपयोग सिविल लाईन, पंचशील नगर सहित लगभग अन्य मार्गो में 20 और 21 अक्टूबर की रात्रि को रात्रिकालीन सफाई अभियान के तहत किया गया। राजधानी के 2 लेन, 4 लेन और 6 लेन मार्ग से धूल की सफाई और सड़क तथा डिवाइडर की धुलाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है।

### विधि-विधान से गो माता की पूजा-अर्चना



**रायपुर।** बूढ़ेश्वर चौक रायुपर स्थित श्री संकट मोचन की हनुमान मंदिर गौशाला में अन्नकूट के पावन अवसर पर गोवर्धन पूजा मंत्र उच्चारण विधि विधान से गौ माता का पूजा-अर्चना की गई। सबसे पहले गौ माता का स्नान किया गया और प्रसादी के रूप में खिचड़ी खिलाया गया। साथ ही संकट मोचन हनुमान मंदिर में प्रसादी वितरण भी किया गया, जिसमें सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और हनुमान जी का दर्शन का लाभ लिया। संकट मोचन वीर हनुमान मंदिर के वर्तमान महंत राजेश शर्मा ने सभी भक्तों को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं देते हुए छत्तीसगढ़ सुख शांति समृद्धि के लिए विशेष पूजा अर्चना की गई।

# 25 को नहाय-खाय के साथ शुरू होगा चार दिवसीय छठ महापर्व, छठी मइया की स्तुति में गूंजेंगे लोकगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्वच्छता का प्रतीक और लोक आस्था से जुड़े चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरुआत 25 अक्टूबर को नहाय-खाय साथ होगी। इस महापर्व को भव्य रूप से मनाने छठ महापर्व आयोजन समिति तैयारियों में जुट गई है। महादेवघाट पर 27 अक्टूबर की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मुंबई से जानी-मानी अंतर्राष्ट्रीय लोक गायिका स्वाति मिश्रा छठी मइया की महिमा का गुनगान करने मंच पर होंगी। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शहर में 50 से अधिक स्थानों पर छठ महापर्व उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इसमें खारुन नदी के महादेवघाट, बूढ़ातालाब, बिरगांव के व्यास तालाब सहित राजधानी के अन्य तालाबों के घाटों पर छठी मइया की पूजा अर्चना की जाएगी। इस मौके पर घाटों की सफाई और रंगरोगन कर तालाब किनारे वेदी सजाकर पारंपरिक रूप से पूजा अर्चना की जाएगी।

छठ महापर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने चर्चा में बताया कि छठ पर्व एक ऐसा पर्व है, जिसमें डूबते हुए सूर्य और उगते हुए सूर्य की पूजा की जाती है। सूर्य उपासना के इस लोक महापर्व में पवित्र स्नान, उपवास और लंबे समय तक पानी में खड़ा होना, सूर्य देवता को अर्ध्य देना शामिल है।

## सवा लाख दीपों से जगमग होगा महादेवघाट, गंगा महाआरती 27 को, छठ महापर्व आयोजन समिति तैयारी में जुटी



### सवा लाख दीपों से जगमगरएगी खारुन, गंगा आरती

खारुन नदी के महादेवघाट पर27 अक्टूबर की शाम सवा लाख दीपों से गंगा आरती की जाएगी। बनारस की तर्ज पर होने वाली गंगा महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इसी दिन लोकधारा के मशहूर कलाकार तिलक राजा साहू और केशरी साहू की टोली छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम की आकर्षक प्रस्तुति देने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेगी। इसके अलावा इलाहाबाद से आमंत्रित सोनाली ओर तरूण चोपड़ा की टीम आकर्षक झांकी के बीच सुंदर नृत्य नाटिका पेश करेगी। पत्रकारों से चर्चा में आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह ने बताया कि आयोजन समिति, जिला प्रशासन और रायपुर नगर निगम के सहयोग से खारुन नदी के महादेवघाट सहित सभी घाटों की सफाई कराई जा रही है। इसी तरह नवा रायपुर अटल नगर में झांझ तालाब के किनारे छठ पूजा का आयोजन किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के उप प्रमुख कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, प्रचार-प्रसार सचिव ब्रजेश सिंह, कोषाध्यक्ष सुनील सिंह, सत्येंद्र सिंह गौतम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चैंबर सभागार में दीपावली मिलन समारोह

# जीवन और व्यापार में सकारात्मक ऊर्जा के साथ करें चुनौती का सामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से राबांबे मार्केट स्थित चैबर भवन सभागार में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, हमें अपने जीवन और व्यापार में आने वाली हर चुनौती का सामना सकारात्मक ऊर्जा के साथ करना चाहिए। दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कार्यक्रम में शामिल व्यापारी बंधुओं से प्रदेश की उन्नति में एकजुट होकर योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में विधायक मोतीलाल साहू, उत्तर विधायकपुरंदर मिश्रा ने व्यापार जगत की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारिगण प्रदेश के अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। दीपावली का यह पर्व हमें एकजुटता और सौहार्द का संदेश देता है। चैंबर मिलन समारोह इसी भावना को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है। समारोह के दौरान विकसित व्यापार का आधार चैंबर परिवार के नारे गूंजे । कार्यक्रम में शामिल चैंबर के पदाधिकारियों और व्यवसायिओं ने संयुक्त रूप से दीप जलाए,एक दूसरे को गले लगकर दीपावली की बधाई दी।



दीपावली मिलन समारोह में चैंबर संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी, चैंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी, अमर गिदवानी, चतुर्भुज अग्रवाल, यू.एन. अग्रवाल, लालचंद गुलवानी,जगदीश अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल,पूर्व संरक्षक आसुदाराम वाधवानी, पूरनलाल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, सलाहकार तिलोकचंद बरडिया, लखमशी पटेल, अरविंद जैन, किशोर आहूजा, सुशील अग्रवाल, मोहन लाल तेजवानी, अशोक मलानी, चंदर विधानी, अमरजीत सिंह छाबड़ा, पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र बरलोटा, कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुंदरानी, राजेश वासवानी, ललित जैसिंघ, विनय बजाज, विक्रम सिंहदेव, जसप्रीत सलूजा पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र दोशी, राम मंधान, हरख मालू, संजय क़ानूँगा कार्यकारी महामंत्री कपिल दोशी, विकास आहूजा, उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन, निलेश मूंदड़ा, टी.श्रीनिवास रेड्डी, ट्रांसपोर्ट चैंबर अध्यक्ष हरचरण सिंह साहनी, महिला चेंबर अध्यक्ष डॉ. ईला गुप्ता, महामंत्री मनीषा तारवानी, कोषाध्यक्ष नम्रता श्रीकांत अग्रवाल, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष विजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### कैट के दीपावली मिलन में स्वदेशी संकल्प पर जोर

कैट का दीपावली मिलन समारोह पंडरी स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधि ,व्यापारी,उद्योगपति, समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। समारोह लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने और स्वेदशी संकल्प के साथ दीप प्रज्वलित कर दीपावली पर्व की बधाई देने का सिलसिला चलता रहा। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन विक्रम सिंहदेव,प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने बताया कि कैट का उद्देश्य हर व्यापारी तक स्वदेशी का संदेश पहुंचाना और भारतीय व्यापार को आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ कैट के संरक्षक आसुदामल वाधवानी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, रामजी भाई पटेल, राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, तथा गणमान्य नागरिक एवं व्यापारी नेता विशेष रूप से उपस्थित रहे।



## बस्तर ओलिंपिक 2025 : मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में खेलों के माध्यम से शांति और समरसता का संदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजातीय बाहुल्य बस्तर संभाग में युवाओं की ऊर्जा, उत्साह और प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से 'बस्तर ओलंपिक 2025' का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में गृह (पुलिस) विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाला यह आयोजन प्रदेश के रजत जयंती वर्ष में बस्तर की नई पहचान बनेगा। बस्तर ओलंपिक 2025 के प्रति लोगों में उत्साह का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि अब तक बस्तर संभाग के 7 जिलों से 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है। इनमें 1 लाख 63 हजार 668 पुरुष और 2 लाख 27 हजार 621 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। यह संख्या न केवल बस्तर के युवाओं का खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि बस्तर की धरती पर अब खेल एक नई सामाजिक चेतना और समान भागीदारी का प्रतीक बन चुके हैं । प्रतियोगिता में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, कराते, वेटलिफ्टिंग और हॉकी जैसे खेल शामिल हैं। इसमें न केवल आधुनिक खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा, बल्कि स्थानीय परंपरा से जुड़े खिलाड़ियों को भी मंच मिलेगा।

- बस्तर संभाग के 7 जिलों से 3 लाख 91 हजार 289 खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन

### विसखंड स्तर पर प्रतियोगिता 25 से

प्रतियोगिताएं तीन स्तरों-विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर-पर आयोजित हो रही हैं। विकासखण्ड स्तर पर प्रतियोगिता 25 अक्टूबर से, जिला स्तर पर 5 नवंबर से और संभाग स्तर पर 24 नवंबर से आयोजित की जाएगी। विजेताओं को जिला और संभाग स्तर पर नगद पुरस्कार, मेडल, ट्रॉफी और शील्ड प्रदान की जाएगी। नगद राशि प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से खिलाड़ियों के बैंक खाते में जमा की जाएगी। संभागीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को "बस्तर यूथ आइकॉन" के रूप में प्रचारित किया जाएगा। यह 'स्पोर्ट्स फॉर पीस' मॉडल बस्तर में नई सामाजिक चेतना का प्रतीक बनेगा।

## एनएचएम कर्मियों की फीकी दिवाली, न वेतन मिला, न 25 कर्मी की बहाली हुई, एडवांस भी रुका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर के 16 हजार संविदा कर्मचारियों की इस बार दिवाली फीकी रही। न तो उन्हें हड़ताल अवधि का वेतन मिला और न ही 5 फीसदी स्वीकृत वेतन वृद्धि दी गई। इतना ही नहीं, उनका अग्रिम भुगतान भी रुका हुआ है। विभागीय मंत्री के आश्वासन के बाद भी 25 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली नहीं होने से एनएचएम कर्मचारियों में आक्रोश की स्थिति है।

- मंत्रियों के आश्वासन के बाद भी 25 कर्मचारियों की बहाली नहीं होने से नाराजगी

दरअसल, अपनी लंबित मांगों को लेकर हक की आवाज बुलंद करने वाले छत्तीसगढ़ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की दिवाली मायूसी के बीच गुजरी। हाल ही में इन कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन किया। उनकी प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य मांगें शामिल रहीं। हड़ताली कर्मचारियों ने जेल भरो आंदोलन, जल सत्याग्रह, चुनरी यात्रा कर अपनी मांगों को पूरी करवाने शासन का ध्यान आकर्षित कराया। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी का कहना है, स्वास्थ्य मंत्री ओर मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद आंदोलन को स्थगित किया था। चर्चा में 25 पदाधिकारियों की बहाली का आश्वासन दिया गया, वह आज तक पूरा नहीं हुआ है। सरकार इस पर तत्काल हस्तक्षेप कर बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली करे, इसी तरह 5 फीसदी स्वीकृत वेतन वृद्धि का लाभ संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिया जाना चाहिए। इसके अलावा दीपावली पर मिलने वाले अग्रिम वेतन का जल्द भुगतान किया जाए।



## कलेक्टर ने की मोदी कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नया रायपुर में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बुधवार को कलेक्टर गौरव सिंह ने बैठक बुलाई थी। रेडक्रॉस सभाकक्ष में हुई बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियां समयबद्ध और सुचारू रूप से पूर्ण हो सकें। इस अवसर पर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह, निगम आयुक्त विश्वदीप, अपर कलेक्टर नम्रता जैन (आईएएस) तथा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित प्रशासन, पुलिस एवं जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि नया रायपुर में राज्य के स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले राज्योत्सव में शिरकत करने प्रधानमंत्री 31 अक्टूबर को रायपुर प्रवास पर आ रहे हैं। उनके आगमन को देखते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को प्रधानमंत्री के स्वागत, प्रस्थान से लेकर राज्योत्सव में लगने वाले विभागों की प्रदर्शनी सहित अन्य तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के तहत अधिकारियों द्वारा तैयारियां कराई जा रही है।

## पार्षद के निर्माणाधीन मकान पर चोरों का धावा, डीवीआर सहित केबल काटकर ले गए

### देवपुरी के बाबा गेलाराम नगर की घटना





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पार्षद अमर गिधवानी के निर्माणाधीन मकान को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपए कीमती केबल और डीवीआर समेटकर ले गए। बुधवार को मकान की पूजा करने पहुंचे परिवार को इसकी जानकारी हुई। पार्षद ने इसकी शिकायत टिकरापारा थाने में दर्ज कराई है।

गिदवानी ने बताया कि देवपुरी के बाबा गेलाराम नगर में उनके मकान का निर्माण हो रहा है। वहां चौकीदार भी तैनात किया गया है जो दिवाली की छुट्टी मनाने गया हुआ है। बुधवार को उनका परिवार वहा पूजा करने गया था तो पता चला कि मकान के बाहर का दरवाजे में लगा ताला टूटा पड़ा है। भीतर पहुंचने पर सब दंग रह गए, क्योंकि मकान के भीतर बनाए गए स्टोर में रखे केबल पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया था। इतना ही नहीं वे निर्माणाधीन मकान में लगाए जा रहे कैमरे फिट किए गए केबल को भी उखाड़कर ले गए। पार्षद ने इस घटना की जानकारी टिकरपारा थाने में दी है। उन्होंने संदेह जताया है कि मोहल्ले के आसपास रहने वाले असमाजिक तत्वों द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। उन्होंने आशंका जताई कि निर्माणाधीन मकान में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने के लिए असमाजिक तत्वों का गिरोह सक्रिय है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी है। पार्षद की सूचना पर टिकरापारा थाने की पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर आसपास के संदिग्ध लोगों से इसकी पूछताछ कर रही है।

## मंत्रालय में अधिकारी के बेटे ने सिपाही को कुचलने की कोशिश की

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में तीन दिन के भीतर सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा वाहन जांच के दौरान मंत्रालय में अधिकारी के एक बेटा ने एक सिपाही को कार से कुचलने की कोशिश की है। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व कलेक्टोरेट चौक के सामने एक तेज रफ्तार बस से कुचलकर एक युवक की मौत हो गई।

आरंग थाना क्षेत्र में बनारसी मोड़ के मार दो बाइक की आमने-सामने टक्कर से एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार डागेश्वर अपने बेटे तथा बेटी के साथ बनारसी जा रहा था। इस दौरान सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने डागेश्वर की बाइक को सामने से ठोकर मार दी। बाइक की ठोकर लगने से डागेश्वर के बेटा जय के सिर में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। एक्सीडेंट में जय की बहन को भी चोटें आई हैं।



### नवा रायपुर में हादसा, एक की मौत

रविवार को नवा रायपुर के सेक्टर-23 मेन रोड में कार तथा बाइक की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। घटना दिनांक को तुषार अग्रवाल अपनी बाइक से जा रहा था। इस दौरान मेन रोड में तेज रफ्तार कार सीजी 05 एएम 7434 के चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए तुषार की बाइक को सामने से ठोकर मार दी। सिर तथा शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोट लगने से तुषार की मौत हो गई।

### शहर के हृदय स्थल पर हादसा

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में कलेक्टोरेट चौक के सामने सोमवार तड़के एक बस के चालक ने नो एंट्री में लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए पैदल जा रहे सेंट पॉल चर्च के केयर टेकर को कुचल दिया। बस से कुचल जाने की वजह से केयर टेकर प्रवीण मसीह की मौके पर ही मौत हो गई। एक्सीडेंट की घटना के बाद मौके पर 108 की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंचने से निगम की गाड़ी में लाश को मरचुरी भेजना पड़ा। एक अन्य घटना में कबीर नगर थाना क्षेत्र के टाटीबंध बाई पास के पास पिकअप सीजी 04 ओडी 7288 के चालक ने बाइक चालक टोमेश्वर निर्मलकर को अपनी चपेट में ले लिया। पिकअप की चपेट में आने से टोमेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई।

### अधिकारी के शराबी बेटे ने सिपाही को कुचलने की कोशिश की

मंगलवार को पंडरी में साइंस सेंटर के सामने वाहन जांच के दौरान मंत्रालय में अधिकारी के एक शराबी बेटा ने एक पुलिसकर्मी को कार से कुचलने की कोशिश की। घटना दिनांक को सवा आठ बजे पुलिस वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान कार डब्लूबी 02 एई 7720 को पुलिस ने रोका। कार के ग्लास में ब्लैक फिल्म लगे होने पर पुलिस ने फाइन करने के साथ ही फिल्म उतारने कार का दरवाजा खोला। दरवाजा खोलने सिपाही बृंदावन बिहारी लाल जगत गया। सिपाही दरवाजा खोलता इसके पहले कार चालक ने सिपाही को कुचलने की कोशिश करते हुए मौके से फरार हो गया। कार को पुलिस ने जब रोका तो कार चालक से पुलिस ने नाम पूछा, तो उसने अपना नाम केतन तिवारी बताया है। घटना के बाद केतन अपना मोबाइल बंद कर फरार हो गया है।

## पीएम के दौरे और राज्योत्सव में आईएएस राप्रसे के अफसरों समेत 40 की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष पर 1 से 5 नवंबर तक राज्योत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर दिन अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

राज्योत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसके लिए वे 31 अक्टूबर को ही राजधानी पहुंच जाएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर आईएएस अफसर समेत 40 अफसरों की ड्यूटी कानून व्यवस्था और सहयोग करने के लिए लगाई गई है। सुरक्षा के लिए अलग से प्रोटोकॉल व्यवस्था के तहत अफसरों का ड्यूटी चार्ट जारी होगा। राज्योत्सव को रजत जयंती वर्ष के तौर पर मनाने का निर्णय सरकार ने लिया है।

- प्रोटोकॉल व्यवस्था के तहत अफसरों का ड्यूटी चार्ट जारी होगा

इसके लिए इस बार राज्योत्सव को तीन दिनों से बढ़ाकर पांच दिनों का कर दिया गया है। पांच दिन नवा रायपुर में विविध कार्यक्रम होंगे। जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति, कला, खानपान, परंपरा और लोकनृत्य का प्रदर्शन किया जाएगा। राज्योत्सव की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इसके अलावा समापन के मुख्य अतिथि देश के उपराष्ट्रपति होंगे।

# हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत, वन विभाग ने बढ़ाई सतर्कता

## वन विभाग ने मृतक परिवार को 25 हजार रुपये की अग्रिम सहायता दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

बारनवापारा अभयारण्य क्षेत्र में विगत दिनों हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मृत्यु हो गई।वन विभाग द्वारा मृतक के परिजनों को तात्कालिक अग्रिम सहायता राशि 25000 रुपये प्रदान की गई है। साथ ही स्थानीय ग्रामों में मुनादी करवा दी गई है एवं ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि हाथियों की गतिविधि वाले क्षेत्रों में अत्यधिक सतर्कता बरतें और किसी भी स्थिति में उनके समीप न जाएं। वनमण्डलधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारनवापारा अभयारण्य के ग्राम बार के समीपस्थ ग्राम हरदी निवासी कनकु राम पिता चमरू लाल (उम्र 68 वर्ष) की मृत्यु एक हाथी हमले में हो गई। घटना 22 अक्टूबर (बुधवार) शाम लगभग 4 बजे की है, जब मृतक अपने खेत की रखवाली के लिए जा रहे थे। घटना कक्ष क्रमांक 108 के समीप डीके जंक्शन बेरियर के पास हुई। वहां तैनात बेरियर चौकीदार नंद कुमार ध्रुव द्वारा मृतक को आगे बढ़ने से रोका गया था, क्योंकि क्षेत्र में एक एकल (लोनर) हाथी का विचरण हो रहा था। चेतावनी के बावजूद मृतक आगे बढ़ गया जिससे यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटित हुई।

■ चेतावनी के बावजूद आगे बढ़ा मृतक, घटना स्थल पर तैनात चौकीदार ने रोका था



### वन विभाग की सुरक्षा उपाय और ग्रामीणों के लिए सलाह

घटना की जानकारी मिलते ही हाथी मित्र दल एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे और आसपास के ग्रामीणों को सावधानी बरतने एवं हाथी से दूरी बनाए रखने की समझाइश दी। घायल को प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वन विभाग द्वारा यह भी बताया गया है कि क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु गश्ती दल सक्रिय हैं।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**महासमुंद।** राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोरलेन पर मंगलवार की रात 9 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम सिंघनपुर (झलप) निवासी ललित ढीढी अपने ससुराल भजपुरी (भगतदेवरी) थाना सांकरा जा रहा था, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से रौंद दिया और चालक वाहन सहित फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललित ढीढी पिता बरकू राम ढीढी (28 वर्ष) मंगलवार की रात अपने घर से अकेले मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट की प्लेटिना) से ससुराल भजपुरी आ रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग 53 फोरलेन में बल्दीडीह क्रॉसिंग से पहले लोहराकोट गांव की सीमा पर रात्रि लगभग 9 बजे किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से रौंदते हुए मौके से भाग निकला। इस भीषण हादसे में ललित ढीढी का दोनों पैर पूरी तरह कुचल गया। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण उसने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी राहगीरों ने तत्काल पुलिस 112 एंबुलेंस और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की 1033 एंबुलेंस को दी। सूचना पर दोनों एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं और ललित ढीढी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंचे। देर रात होने के कारण शव का पोस्टमार्टम बुधवार को किया गया।

### खरोरा में मनाया गया भाई दूज का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह व विश्वास का पर्व भाई दूज उत्साहपूर्वक मनाया गया। बहनों ने भाइयों की आरती उतारी और तिलक लगाकर दीर्घायु, स्वस्थ, सुखमय व समृद्ध जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

### बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपराः तुषार

**महासमुंद।** बुजुर्गों का सम्मान करना हमारी परंपरा है। वृद्धजनों से हमें प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सदैव मार्गदर्शन मिलता है। देश में सर्वाधिक युवा है, बुजुर्ग उन्हें मार्गदर्शन देते रहें तो भारत को अग्रणी देश बनाया जा सकता है। ये बातें ग्राम गुड़रूडीह में भाजपा के सदस्य किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने मातर महोत्सव कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की सदा आवश्यकता महसूस की जाती है। वरिष्ठजनों की जिम्मेदारी है कि वे अपने अनुभव का लाभ आने वाली पीढ़ी को आशीर्वाद के तौर पर दें। युवाओं की ऊर्जा और वरिष्ठजनों के अनुभव से ही समाज और देश समृद्ध होगा।

## आयोजन : कटहल के पौधे का रोपण, सेवा कार्यों की नई मिसाल की कायम

# दीपावली पर भारत माता सेवा ट्रस्ट ने वृद्धाश्रम में बुजुर्गों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

दीपावली की पूर्व संध्या पर भारत माता सेवा ट्रस्ट ने सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों का आत्मीय सम्मान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में बुजुर्गों को शाल, श्रीफल, मिठाई एवं पटाखे भेंट कर अपनेपन का अहसास कराया गया। इस पहल ने परिवार से दूर रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।कार्यक्रम के दौरान प्रांगण में कटहल के पौधे का रोपण भी किया गया, ताकि इस स्नेहिल आयोजन की याद हमेशा जीवंत बनी रहे। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्य विप्लव श्रीवास्तव, प्रमोद साहू एवं सुमीत सिंह ने अपना जन्मदिन वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के आशीर्वाद के साथ मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. रमाकांत झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि "ट्रस्ट द्वारा आयोजित यह सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्पद एवं अनुकरणीय है। ऐसे प्रयास न केवल बुजुर्गों के मन में अपनापन जगाते हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं।

■ शाल, श्रीफल और मिठाई भेंट कर बुजुर्गों के चेहरे पर लाई खुशी



इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने संगठन की अब तक की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण देते हुए आगामी जनहितकारी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन नीरज परगनिहा ने किया। इस दौरान विनय गुप्ता, राधेश्याम पटेल, गुलशन वर्मा, हिमाचल साहू, गौरव सेन, तुकेश ध्रुव, कुलदीपक वर्मा, राकेश वर्मा, धर्मवीर धुरंधर, कर्मवीर धुरंधर, राजीव सर्राफ, सहित अनेक सदस्य एवं महिलाएं मोनिका, शिल्पा सिंह, संगीता, विजयलक्ष्मी, उषा साहू तथा युवाजन नीतू, युतिका, प्रतिभा, तनुश्री, रुद्रप्रताप, उत्कर्ष, समन्वी सिंह और शिवांश सिंह उपस्थित रहे।

# महालक्ष्मी-सरस्वती-गणेश प्रतिमाओं का पूजा-अर्चना और विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

ग्राम सेल में महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश का प्रतिमा को हर्षोल्लास के साथ आंखो से नम किया गया है। 23 अक्टूबर को शाम 4 बजे गांव में शोभायात्रा निकालकर जयकारे लगाते हुए भक्तगण गांव के महिलाओं ने जगह-जगह महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश का मूर्ति का आरती उतारकर पूजा अर्चना कर आशिर्वाद लिया गया है। डीजे के धुन में थिरकते हुए समिति के सदस्यगण गांव के बंधवा तालाब में विसर्जन किया गया है।

ग्राम पंचायत सेल के गुड़ी चौक में महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश का जयघोष लगाते हुए भक्तगण मूर्तियों का आंखे से नम किया गया है। बीती रात को छोटे छोटे बच्चों के द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया था। गुरुवार को हवन पूजन कर विधि विधान से महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश का तालाब में विसर्जन किया गया है। बड़े धूमधाम से भव्य शोभायात्रा निकालकर डीजे के धुन में थिरकते हुए भक्तगणों ने देवी-देवताओं को आंखों से नम किया गया है।

■ भक्तों ने जयकारों के साथ किया आरती का आयोजन, गांव में गूंजे जयघोष

■ डीजे के धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं ने तालाब में विसर्जन कर

**दर्शन करने के लिए उमड़ा जनसैलाब :** ग्रामीणों ने देवी देवताओं को अंतिम दर्शन करने के लिए जनसैलाब उमड़ा दर्शन करने के लिए टूट पड़ा था। जगह-जगह पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का कामना करते हुए दर्शन किए गए थे। इस अवसर पर आचार्य कीर्ति कुमार पांडेय, बैगा छत्र कुमार वर्मा, महालक्ष्मी महा सरस्वती भगवान गणेश समिति में विक्की वर्मा, अजय प्रताप साहू, विक्की साहू, रोहित साहू, घनश्याम वर्मा के आलावा अन्य शामिल हुए थे।

# अवैध धान परिवहन व बिचौलिए पर रहेगी प्रशासन की पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

खरीफ विपणन वर्ष 2025 -26 में समर्थन मूल्य पर धान एवं मक्का खरीदी की तैयारी जिला प्रशासन द्वारा युद्ध स्तर पर शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर दीपक सोनी ने नोडल अधिकारियो के कार्यों और दायित्वों की जानकारी देते हुए अवैध धान परिवहन एवं बिचौलिए पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने कहा क़ि धान खरीदी में नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रहेगी। किसी भी समिति में अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले बिचौलिए एवं अवैध धान परिवहन करते पाए जाने पर तत्काल इसकी सूचना तहसीलदार एवं समिति प्रबंधक को देना है। अपने -अपने कार्य क्षेत्र समिति अंतर्गत आने वाले गांव के संदिग्ध व्यक्ति एवं बिचौलिओं की सूची तैयार कर लें। धान खरीदी के समय क़ानून व्यवस्था बनाए रखने में भी आवश्यक समन्वय करना होगा। उन्होंने कहा क़ि जिले में लगभग 12 स्थानों पर जांच नाका स्थापित हैं जिन्हे शीघ्र सक्रिय करें और वहां कर्मचारियों की नये सिरे से ड्यूटी लगवाएं। जांच नाका में पंजी संधारित कर प्रतिदिन की कार्यवाही की रिपोर्ट देनी होगी। धान खरीदी के लिए बारदाने गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए तथा स्टैंकिंग भी उपयुक्त तरीके से कराना है। उन्होंने धान खरीदी के लिए जिला कंट्रोल रूम हेतु संपर्क केन्द्र को सक्रिय करने के निर्देश दिये।

उन्होंने ग्राम सभा के दौरान ग्रामीणों से प्राप्त दावा आपत्ति का निराकरण करते समय पहले फिजिकल वेरिफिकेशन एप्प से सत्यापन एवं ऑनलाइन एंट्री के बाद निराकरण की सूची ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थल पर चस्पा करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी पुनीत वर्मा, उप पंजीयक सहकारिता उमेश गुप्ता, सहित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

### एग्रीस्टेक पंजीयन के आधार पर होगी धान खरीदी

कलेक्टर ने कहा क़ि इस बार धान खरीदी एग्रीस्टेक पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे एवं फिजिकल वेरिफिकेशन के आधार पर होगा। अब तक लगभग 1 लाख 55 हजार किसानों का पंजीयन हुआ हैं एवं करीब 2372 किसानों का एग्रीस्टेक में पंजीयन शेष हैं। इन छूटे हुए किसानों का पंजीयन अगले दो दिन में पूरा कराने सभी भरसक प्रयास करें। पंजीयन के लिए छूटे हुए किसानों की सूची समितिवार तैयार किया गया हैं। इस सूची को सभी समिति प्रबंधकों, एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी, सचिव एवं सरपंच को उपलब्ध कराएं ताकि जल्द पंजीयन पूर्ण हो सके।

## पेज 9 के शेष

### लूट की वारदात का ...

और नकदी लूट ली। शिकायत पर थाना कसडोल में अपराध क्रमांक 648/2025 धारा 126(2) 296 115(2) 309(4) 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में कसडोल पुलिस ने मामले की त्वरित जांच प्रारंभ की। प्रार्थी एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पुलिस ने गहन तलाश कर सुमित कुमार साहू (20 वर्ष निवासी ग्राम छांछी) एवं एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया।

### छग पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 8 टेस्ट सीरीज का होगा आयोजन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा विनय कुमार लंगेह कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जायेगा। जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जायेगा, जिसमे छत्तीसगढ़ पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट का आयोजन किया जायेगा।

# गौरा-गौरी उत्सव में रमे ग्रामीण, परंपरा के रंग से सजा भवानीपुर

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| भवानीपुर

ग्रामीण अंचल में गौरा-गौरी का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। तीन दिनों तक चलने वाले इस त्योहार में परंपरानुसार भगवान शिव-पार्वती के विवाह की रस्में निभाई गई। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन के बीच पर्व की खुशियां दोगुनी हो गई। लोगों ने ईश्वर की आराधना कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

भवानीपुर, खपरी, गिधपुरी, सहाड़ा, मोहान, रिवाडीह, भारूवाडीह, तमोरी सहित विभिन्न ग्रामो में गौरा गौरी पर्व की धूम बड़ी ही हर्षौल्लास के साथ मनाया। तीन दिनों तक चलने वाले इस त्योहार की शुरुआत नरक चौदस की रात में फूल कुचरने से हुई। इसके बाद कार्तिक अमावस्या की सुबह ग्रामवासी बाजे गाजे के साथ समूह में पवित्र स्थान से मिट्टी लेने गए। मिट्टी लाने के बाद पूजा स्थल में (गौरा) भगवान शंकर व पार्वती (गौरी) के साथ नंदी, भीमसेन आदि की आकर्षक प्रतिमाएं बनाई गई। रात में दोनों प्रतिमाओं के साथ भगवान शंकर व पार्वती के विवाह की रस्में निभाई गई।



### निकाली गई पारंपरिक भोजली झांकी

इस दौरान महाकाल झांकी ग्रुप द्वारा भगवान शिव जी की बारात भी निकाली गई, माता सेवा समिति झांकी ग्रुप द्वारा पारंपरिक भोजली झांकी निकली गई जो दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा पारंपरिक वाद्य यंत्रों की मधुर धुन में लोग खूब थिरके। बुधवार सुबह गौरा गौरी की शोभायात्रा निकली। नाचते-गाते सभी तालाब पहुंचे, फिर पूजा-अर्चना की गई। पश्चात तालाब में गौरा-गौरी की मूर्ति का विसर्जन किया गया।

### उल्लास के साथ मनाया गया मातर उत्सव



**घोटिया।** ग्राम रेंगाडीह में पारंपरिक उत्साह, भक्ति और एकता के साथ मातर पर्व का आयोजन किया गया। पूरे गांव में हर्षोल्लास का माहौल रहा। यादव बंधुओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूजा-अर्चना कर देवी-देवताओं की आराधना की। कार्यक्रम में ग्रामीणों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।इस अवसर पर प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष धन्नू साहू विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि मातर पर्व हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे पर्व समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से परंपराओं को बनाए रखने और समाज सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से देवी-देवताओं की पूजा कर गांव की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन में पूर्व सरपंच देवप्रकाश मार्कण्डेय, चुम्मन साहू, बेदु साहू, सुरेश साहू, महेश साहू, केशव साहू, देवचरण साहू, दुष्यंत साहू, कृष्णा साहू, टुकेश साहू सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### सुहेला में मना गौरा-गौरी पर्व



**सुहेला ।** दीपावली के दूसरे दिन सुहेला गांव में पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ गौरा-गौरी पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को जीवंत कर दिया। वहीं, इस पर्व की खास /"सोटा प्रहार/" की अनोखी परंपरा भी निभाई गई,जो आपसी प्रेम और एकता का प्रतीक माना जाता है। ग्राम के महामाया चौक और गौरा-गौरी चौक में विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात गाजे-बाजे और मंगल गीतों के साथ गौरा-गौरी की प्रतिमाओं को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। अंत में ग्राम के बड़े तालाब में प्रतिमाओं का विधिपूर्वक विसर्जन किया गया। गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने एकजुट होकर इस पारंपरिक पर्व को उत्साह पूर्वक मनाया, जिससे ग्रामवासियों के बीच आपसी भाईचारे की भावना और अधिक प्रगाढ़ हुई।

### खुटेरी में निकाली गई ईशर-गौरा कलश यात्रा

**अरंड (पिथौरा)।** ग्राम खुटेरी में दीपावली पर्व पर गोंडवाना समाज द्वारा ईशर गौरा कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें ग्राम के सरपंच सुशीला मांझी, गोंड़ समाज के उपाध्यक्ष महेश नेताम, भूतपूर्व सरपंच रघुनंदन पटेल, उपसरपंच गैस राम पटेल, रमेश, नारायण, कुंज राम पटेल, निलेश्वरी ध्रुव, एवन सिंह, नेतराम सिन्हा, नरेंद्र ध्रुव आदि मौजूद रहे। कलश यात्रा के पश्चात गौरी गौरा का विवाह विधि पूर्वक संपन्न किया गया। पश्चात गौरा और गौरी का स्थापना गौरा गौरी चौराहा में किया गया। स्थापना के पश्चात विधि पूर्वक पूजा अर्चना की गई ।

# सीता स्वयंवर धनुष यज्ञ के मंचन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

ग्राम कोलिहा में आयोजित पारंपरिक रामलीला महोत्सव के दौरान सीता स्वयंवर एवं धनुष यज्ञ प्रसंग का मंचन दर्शकों के लिए रोमांच और भक्ति का संगम साबित हुआ। आदर्श रामलीला मंडली के कलाकारों ने भगवान राम की कथा को जीवंत कर दिया, जिससे पूरा वातावरण धार्मिक उत्साह से भर गया।



कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण रहे परशुराम की भूमिका में विष्णु प्रसाद वर्मा, जिन्होंने अपने सशक्त संवाद और प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन के दौरान उनके क्रोध और अभिनय की तीव्रता से दर्शक भावविभोर हो उठे। ग्रामवासी डॉ. हरिकिशन वर्मा, लोमस वर्मा और राम सनेही वर्मा ने बताया कि ग्राम कोलिहा में रामलीला की परंपरा सदियों पुरानी है और आज भी युवा पीढ़ी पूरे उत्साह के साथ इसका निर्वहन कर रही है।

सीता स्वयंवर प्रसंग में भगवान राम द्वारा शिव धनुष को उठाकर प्रत्यंचा चढ़ाने और उसके टूटने का दृश्य देखकर उपस्थित जनसमूह जयकारों से गूंज उठा।

**ये रहे उपस्थितः** रामलीला मंडली के रूद्र शंकर वर्मा, तोष कुमार वर्मा, शेट्टी वर्मा, राम प्रकाश वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, हीराराम वर्मा, रामनरेश वर्मा, दिगंबर वर्मा सहित अनेक कलाकारों ने मंचन में अपनी भूमिका का उत्कृष्ट निर्वहन किया। इस अवसर पर डॉ. हितेंद्र वर्मा, डॉ. धीरेंद्र वर्मा, लोको पायलट देवचंद वर्मा, जितेंद्र वर्मा, नीलू वर्मा, खुशबु वर्मा, डॉली वर्मा, आशी वर्मा, कुशाग्र वर्मा सहित हजारों की संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
22 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 3:00,6:00, 9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत

**महासमुंद।** अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पलटने से उसे चला रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। मामला ग्राम कुरमाडीह का है। रिपोर्ट पर बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को आकाश चौहान ने बताया कि 22 अक्टूबर के सुबह उसके पिता बृजलाल चौहान ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीडी 5895 को लेकर खेत काम करने के लिये गए थे। करीबन 7.20 बजे कुरमाडीह से बरभांठा जाने का कच्चा मार्ग में छोटी डोंगरी के पास चढ़ाव में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे उसके पिता वाहन के नीचे दब गए और सिर, पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई और उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### भाई दूज पर बहन ने भाई के कलाई को रेशम के धागों से बांधा

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी में गुरुवार को भाई बहन के प्यार एवं रक्षा का पर्व भाई दूज का पर्व धूमधाम से मनाया। सुबह से ही बहन भाई के लंबी उम्र की कामना के लिए पूजा अर्चना करते नजर आयी। बहनों ने भाई के माथे पर चंदन लगाते हुए उनकी दीर्घायु की कामना की। परंपरा के अनुसार एक दूसरे को उपहार सामग्री प्रदान किया। अंचल में भाई दूज को लेकर सुबह से उत्सव का माहौल रहा। घरों के आंगन में भाई बहन के घर आने-जाने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। पश्चात दोपहर तक बहनों की भाई के घर आना जारी रहा। इस दौरान बहनों ने भाईयों के हाथ पर पान का पत्ता एवं चंदन का तिलक हाथ में लगाकर भाई की लंबी उम्र की कामना की।

### गांवों में पहुंच रहे भालू ग्रामीणों में दहशत

**नर्रा।** कोमाखान के समीपस्थ ग्राम अमेरा और उखरा गांव में भालू रात में रोज पहुंच रहे है, इससे ग्रामीणजन भयभीत है। वन्यप्राणी भालू जंगल को छोड़कर गांव की ओर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि भालू गांव के गलियों में घूमते नजर आते हैं। जानकारी मिली है कि भालू बीते रात में घर के दरवाजे को तोड़कर तेल पी गए। इसी तरह कोमाखान समीपस्थ ग्राम बिड़ोरा गांव के ग्रामीण दहशत में जी रहे है। वहां के ग्रामीणों ने बताया कि कई घरों के दरवाजे तोड़ कर टिन में रखे तेल को पी जाते हैं। घरों की छत छप्पर पर भी चढ़ते हैं। शाम सात से आठ बजते ही गांवों के दरवाजे बंद हो जाते है। लोग भालू के दहशत के चलते रात में दरवाजा खोलने में घबरा रहे हैं। बीते एक माह में तीन घटनाएं घट गई हैं। अमेरा गांव की एक महिला पर भालू ने हमला किया था। वहीं बिड़ोरा गांव के दो लोगों पर हमला एवं तीसरी घटना लक्ष्मीपूजन, ईशर- गौरा पूजन की रात ग्राम दरबेकेरा बैंगा लखनसिंह ठाकुर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे बागबाहरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

## निधन

### छन्नूलाल मनहरे

**खरोरा।** टंडवा ग्राम के वरिष्ठ



नागरिक छन्नूलाल मनहरे (58) का आकस्मिक निधन हो गया। स्वर्गीय छन्नूलाल मनहरे, खूबी राम मनहरे, निर्मला, एशिया, एवं सुनीता के पिता थे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में गांव के जनप्रतिनिधि, अंचल के प्रतिनिधि, सामाजिक बंधु एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**पर्व : गांव से लेकर शहर तक श्रद्धा और भक्ति के रंग में डूबा रहा पूरा क्षेत्र**

# अंचल में आस्था और उल्लास के साथ मना गौरी-गौरा पर्व, गाजे-बाजे के साथ निकली विसर्जन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

गांव के साथ शहर में भी गौरी गौरा पर्व मनाया गया यह पर्व मनाने की शुरुआत धनतेरस से हुई थी। गौरी गौरा प्रतिमा विसर्जन गोवर्धन पूजा के दिन गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से किया गया। गौरी गौरा पर्व गांव के साथ शहर के मिल पारा, अहिल्दा रोड, गौड़ पारा वार्ड 6, चांदनी चौक, कीर्तन भवन चौक में भी मनाया गया। 18 अक्टूबर को धनतेरस के दिन गौरी गौरा को जगाने की रस्में होती है। 19 अक्टूबर को भी गौरा चौरा स्थल पहुंचकर श्रद्धालुओं ने गीत गाकर गौरी गौरा को जगाया ।


20 अक्टूबर को दीपावली पर्व के दिन सुबह तालाब से मिट्टी लाकर गौरी गौरा की प्रतिमा बनाई गई। रात को बाजा गाजा तथा कलश के साथ गौरा गौरी की बारात निकालकर गौरा चौरा स्थल पहुंचते हैं। परिक्रमा कर गौरा चौरा में गौरी गौरा मूर्ति स्थापित की गई। महिलाओं ने गौरा गीत गाकर सभी के लिए प्रार्थना की। 21 अक्टूबर अमावस्या पड़ने के कारण गौरी गौरा का विसर्जन नहीं किया गया। 22 अक्टूबर को गौरी गौरा विसर्जन बाजा गाजा के साथ किया गया। नगर के गौरी गौरा पर्व में नगर के लोग भी शामिल हुए और ढोल नगाड़े, डी जे की धुन में खूब थिरके।

**बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने लिया भाग :** 20 अक्टूबर को बारात निकाली गई और परिक्रमा और रात्रि जागरण किया गया। गौरा स्थल को फूलों से सजाया गया । 22 अक्टूबर को दोपहर बड़ी संख्या में वार्डवासियों और नगरवासियों ने पहुंच कर पूजन अर्चन किया और परिवार के खुशहाली की कामना की। गाजे-बाजे के साथ दोपहर 2 बजे विसर्जन यात्रा निकाली गई और शाम 5 बजे जाड़ा तालाब में विसर्जन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने भाग लिया।

**शांति व समृद्धि के लिए की गई कामना:** गौरी गौरा पर्व में शामिल हुए पार्षद नन्द कुमार वर्मा, सहित राहुल यदु, शिवशंकर श्रीवास,राजकुमार साहू, ताराचंद साहू, राहुल यदु ने कहा कि गौरी गौरा पर्व मीलपारा वार्ड 2 में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाता है। जिसमे पूजा करते हुए सभी के सुख शांति व समृद्धि के लिए कामना की जाती है। विसर्जन यात्रा बाजा गाजा के साथ निकाली गयी, लोगों ने रास्ते में पूजन किया उसके बाद जाड़ा तालाब में विसर्जन किया गया। गौड़ पारा वार्ड 6 में हुए गौरी गौरा विसर्जन महामाई तालाब में किया गया।



### बाजे-गाजे के साथ हुआ गौरा-गौरी का विसर्जन



**खरोरा ।** केशला के अर्धनारीश्वर महालक्ष्मी उत्सव समिति व गौरी गौरा समिति के संयुक्त तत्वाधान में माता लक्ष्मी और गौरी गौरा का धूमधाम गाजे बाजे के साथ बरबंधवा तालाब से गांव की गलिया से होते हुए राम जानकी भक्त हनुमान मंदिर केशला तक भ्रमण कराकर बरबंधवा तालाब केशला में विसर्जन किया गया। विषर्जन में यशवंत देवांगन, खेलावन धीवर, विश्वनाथ,राजकुमार, याली, मृत्युंजय, पंडा दानी पाल, शंकर, गोलू, मेधांश, टीकम, सतवंतिन, हेमलता व बड़ी संख्या में महिलायें, बच्चे उपस्थित थे।

### धूमधाम से मना गौरा-गौरी उत्सव



**भाटापारा।** मुंशी इस्माईल वार्ड मे गोवर्धन पूजा के अवसर पर गौरा गौरी पूजा उत्सव धूमधाम से मनाया गया वार्ड मे गौरा गौरी की स्थापना कर श्रद्धा भक्ति के साथ पूजा अर्चना की इस अवसर पर वार्ड पार्षद चन्द्रशेखर चक्रधारी गौरा गौरी उत्सव मे शामिल होकर पूजा अर्चना की, समिति के लोगो ने उनका स्वागत किया इस अवसर पर शेख गुलाम, जित्तू शर्मा ,मदनठाकुर सहित वार्ड के लोग शामिल रहे, गौरा गौरा का धूमधाम से बाजे गाजे के साथ विसर्जन किया गया।

### मुंडा में विराजीं मां लक्ष्मी

**मुंडा ।** आदर्श ग्राम पंचायत मुंडा में धनेश्वर घर के पास विराजित मां लक्ष्मी की प्रतिमा 20 अक्टूबर को पंडित राजेंद्र प्रसाद पांडे के द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर मां लक्ष्मी जी की मूर्ति स्थापना किया गया सुबह शाम माता जी की आरती कर बुधवार को गोवर्धन पूजा के दिन हूमन कार्यक्रम रखा गया जिसमें सम्मिलित बाल गणेश उत्सव समिति के सदस्य सूरज वर्मा, नागेश वर्मा, शुभम वर्मा, सुशील वर्मा, रवि शंकर वर्मा, टेकराम वर्मा, ललकी पटेल, भूपेंद्र पटेल, संतोष पटेल, गौरव साहू, समीर वर्मा सहित मोहल्लावासी उपस्थित रहे ।



## अंचल में धूमधाम से किया गया गौरी-गौरा का विसर्जन

**मुंडा।** अंचल में दीपावली के बाद धूमधाम से गौरी गौरा का विसर्जन किया गया जो कि भगवान शिव और पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाया गया। इस पर्व के तहत रात भर पूजा अर्चना और विवाह की रस्में निभाई गई जिसके बाद अगले दिन गाजे बाजे और मांदर के साथ शोभायात्रा निकाली गई और गौरी गौरा की प्रतिमाओं को गांव के तालाबों में विसर्जन किया गया।



मुंडा सहित अंचल के ग्राम पंचायत कोलिहा, जामडीह, जुड़ा, पैंजनी, धाराशिव, मल्लीन, कोनारी, खटियापाटी, ठेलकी, तिल्दा, अहिल्दा, लच्छनपुर, सुढेला एवं अन्य गांवों में दीपावली के पावन पर्व पर गौरी गौरा का उत्सव बड़े ही धूमधाम से प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी देखने को मिला। गौरी गौरा का परंपरा के अनुसार रीति रिवाज से विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया और गांव में सुख शांति समृद्धि के लिए कामना किया गया। गौरी गौरा का शोभायात्रा गांव में भ्रमण किया गया जिसको एक झलक पाने के लिए गांव में उत्सव बना रहा एवं गौरी गौरा शिव पार्वती शंकर से अपने घर परिवार की सुख शांति के लिए कामना किया गया।

## मुड़पार में धूमधाम से मना गौरा-गौरी महोत्सव

**खरोरा ।** ग्राम मुड़पार दीपावली के पावन पर्व पर जहां एक ओर पूरे देश में धन की देवी लक्ष्मी की पूजा और आतिशबाजी के साथ उत्सव मनाया जाता है, वहीं छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में दीपावली का स्वरूप अपनी विशिष्ट लोक परंपराओं के कारण और भी विशेष बन जाता है। इसी कड़ी में ग्राम मुड़पार में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गौरा-गौरी महोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन ग्राम इकाई सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

■ गांव की गलियों में रंगोली, झांकियां और शोभायात्रा ने त्योहार को बनाया और भी खास



भगवान शिव (गौरा) और माता पार्वती (गौरी) की मिट्टी से निर्मित मूर्तियों की स्थापना ग्राम के हृदय स्थल गौरी-गौरा चौक में की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अंचल के लोग एकत्र हुए और गौरा-गौरी का दर्शन कर अपनी मन्नतें मांगीं। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं व्रत विधान के साथ किया गया। इस अवसर पर बैगा महाराज श्रीमान बबला ध्रुव ने बताया कि "गौरा-गौरी पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह का प्रतीक है। यह पर्व शिव की शक्ति और पार्वती की तपस्या का संगम दर्शाता है। पार्वती की भक्ति और शिव का वैराग्य सृष्टि की चेतना का प्रतीक है।

### ग्रामवासियों का रहा विशेष सहयोग

गांव की गलियों में आकर्षक झांकी एवं शोभायात्रा निकाली गई। ग्रामवासियों ने घर-घर रंगोली सजाई, चौक पुरकर भगवान बुढ़देव एवं रानी गौरी की आरती उतारी। पूरा वातावरण "श्रीमान बुढ़देव की जय, गौरी रानी की जय, एक तीर एक कमान – सर्व आदिवासी एक समान" के नारों से गूंज उठा। आयोजन में परदेसी राम ध्रुव, बबला ध्रुव, निजाम ध्रुव, मनोहर ध्रुव, नाथूराम ध्रुव, पुनीत, गिरधारी, किशुन ध्रुव, श्यामलाल ध्रुव सहित ग्राम इकाई सर्व आदिवासी समाज एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर ग्राम इकाई की ओर से समस्त अंचल वासियों एवं प्रदेश वासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## ओडान में परंपरा का जलवा: भव्य ईसर-गौरा महोत्सव ने झूमाया पूरा गांव

**घोटिया।** पलारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत ओडान में दीपावली पर्व के अवसर पर परंपरागत ढंग से ईसर–गौरा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईष्टदेव आदिशक्ति श्री बड़ादेव की पूजा-अर्चना से हुआ। ग्रामवासियों और आदिवासी ध्रुव गोंड समाज के सहयोग से चूलमाटी की पवित्र मिट्टी से ईसर महादेव और गौरा की मूर्तियाँ बनाई गईं। रात्रि में बारह बजे पारंपरिक नाच-गान के साथ ईसर महादेव की बारात निकाली गई, जिसमें महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बालाजी मंदिर में विधि-विधान से ईसर–गौरा का विवाह सम्पन्न किया गया। इस दौरान पारंपरिक लोकगीतों और नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

भोजली प्रतियोगिता में चार टोलियों ने हिस्सा लिया, जिसमें दलगिरहा ग्रुप दर्रीपारा प्रथम, स्माइल ग्रुप नयापारा द्वितीय और जय महामाया ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सुवा नृत्य प्रतियोगिता में सात टोलियों ने भाग लिया, जिसमें मोर करण सुवा ने प्रथम, नृत्यांगना ग्रुप ने द्वितीय, और सिया बालिका ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में समाज के प्रतिभावान छात्रों को भी सम्मानित किया गया, जिनमें विन्नी ध्रुव, टिकेश्वरी, दुर्गेश और मीनू ध्रुव प्रमुख रहे। परंपरा के अनुरूप पुरुषों ने सोंटे लगवाए और महिलाएं झूमती हुईं नजर आईं।



### गौरा–गौरी की निकाली गई विसर्जन यात्रा

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में के.पी. ध्रुव, प्रमुख अतिथि सरपंच टिकेश्वर ध्रुव एवं विशिष्ट अतिथि रामस्वरूप, देवव्रत वर्मा, कार्तिकराम साहू सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। अंत में गौरा–गौरी की विसर्जन यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों ने घर-घर आरती उतारते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। तालाब में पारंपरिक रीति से ईसर–गौरा का विसर्जन किया गया।

## साहू समाज ने दीपदान कर मनाई दीपावली




**भवानीपुर।** साहू समाज के आराध्य देवी भक्त माता कर्मा मंदिर में सामाजिक बंधु द्वारा सामूहिक रूप से दीप दान कर दीपोत्सव मनाया गया। दीपोत्सव का कार्यक्रम सर्वप्रथम समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्रामीण अध्यक्ष धनेश्वर साहू ने कहा कि तेली कुल की देवी माँ कर्मा की जीवनगाथा महान हैं। खिचड़ी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता के द्वारा भगवान जगन्नाथ खिचड़ी भोग को ग्रहण किया। उन्होंने आगे संबोधित करते हुए कहा कि समाज मे प्रेम भाई चारा की भावना बढ़ी माता कर्मा की कृपा हम सबपर सदैव बना रहे। इस अवसर पर तहसील साहू संघ पलारी संगठन सचिव मनोज साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष विजय साहू, सचिव संतोष साहू, कोषाध्यक्ष नारायण साहू, संगठन सचिव संजू साहू, सीताराम साहू, मुखीराम साहू, गजेंद्र साहू, चूड़ामणि साहू, संतुराम साहू, खिलेश्वर साहू, गौराम साहू, जगमोहन साहू, युधेश्वर साहू, हिरसिंग साहू, परमा साहू, बिश्राम साहू, हेमंत साहू, बोधिराम साहू, संतोष साहू, ऋषभ साहू, भरत साहू, टुकुमार साहू, सोनचंद साहू, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## गोवर्धन पूजा कर गाय को खिलाई गई खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

ग्राम बिरकोनी में बुधवार को गोवर्धन पूजा अर्चना घरों में उत्साह के साथ की गई। सुबह पशु पालकों ने परंपरागत रूप से गौमाता को सुबह स्नान कराकर गले में फूलमाला पहनाकर,सिर पर मोर पंख और पैर में घुंघरू बांधकर उन्हें सजाया। महिलाओं ने गोवर्धन पूजा के लिए अपने घरों में गोबर के आकर्षक गोवर्धन बनाए। परिवार के सभी लोगों ने मिल कर गोवर्धन पर्वत की पूजा की।घरों में तरह तरह के पकवान बनाए और शाम को लोगों ने गोवर्धन पूजा विधि विधान के साथ की। गोवर्धन पूजा के दौरान किसानों ने कृषि यंत्र गोवर्धन में रखकर पूजा की। पहले परिवार के मुखिया ने पूजा की और बाद में घर के सभी सदस्यों ने पूजा पाठ की। इस दौरान पशुओं को खिचड़ी का प्रसाद खिलाया गया। सदियों से चली आ रही संस्कृति आज भी लोगों के बीच खिचड़ी खिलने के लिए उत्सुक नजर आई। इसी तरह घर व राम जानकी मंदिर के द्वार पर गोबर से निर्मित गोवर्धन पर्वत का पूजन किया गया। राम जानकी मंदिर में ही सोहाई बांधने का रस्म का शुभारंभ हुआ। शाम 7 बजे मड़ाई निकालकर राउत नृत्य के साथ बाजार चौक में एकत्रित होकर स्वागत द्वार के लिए निकले। जहां ग्राम में स्थापित नंदीश्वर परिषद में पूजा अर्चना कर भाई चारे सद्भावना के साथ एक दूसरे को गोबर के टीका लगाकर गले मिले। यादव समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में सजधज के लोकनृत्य की मंदिर, कुल देवी, देवता व घर-घर में जाकर प्रस्तुति दी।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411